खबर संक्षेप

डोंगर परासिया से 65 इंची एलईडी टीवी गायब

परासिया। नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है । पूर्व समय में नगर पालिका प्रशासन द्वारा दो 65 इंची एलईडी टीवी क्रय की गई थी । वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय में केवल एक एलईडी टीवी ही उपलब्ध है , जबकि दूसरी टीवी का कोई अता - पता नहीं है । इस विषय में जानकारी मिलने पर वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद आशीष जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया और गायब एलईडी टीवी के संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगी । इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अनुज पाटकर एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी ने भी मौखिक रूप से इस विषय में जानकारी मांगी है । पार्षदों का कहना है कि यदि शीघ्र ही गायब टीवी की जानकारी प्राप्त नहीं होती है तो इस संबंध में संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई जाएगी ।

दमुआ में पानी के लिए मची त्राहि त्राहि

दमुआ। कमलनाथ ने अपनी ओर से फिल्टर प्लांट के नाम पर नगर पालिका दमुआ को करोड़ों रुपए की मद राशि प्रदान की ताकि दमुआ नगर शहर के नागरिकों को पानी जैसी सुविधा मिल सके और पाईपलाइन भी बिछाई गई एवं फिल्टर प्लांट भी बनवाया गया परंतु आम जनमानस को पानी जैसी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और और ना समय पर क्षेत्र के नागरिकों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जबकि वर्तमान समय गर्मी का चल रहा है फिर भी आम जनमानस पानी के लिए तरस रहा है निकाय क्षेत्र दमुआ के वार्डों में पानी जैसी विकराल समस्या खड़ी हुई है यहां तक की पानी के बोर की मोटर बार-बार जल रही है और मोटर को समय रहते रिपेयरिंग सर्विस नहीं कराया जाता है स्पेयर में पानी की मोटर तक नहीं है सिर्फ पुरानी पानी की मोटर के भरोसे काम चल रहा था बार बार पानी की मोटर जल जाती है कब सुधार के आएगी इसका ठिकाना नहीं रहता वर्तमान समय में नगर पालिका के निकाय क्षेत्र वार्ड एरिया क्षेत्र में पानी के लिए त्राहि त्राहि मची है पंपर भी पानी नहीं दे पा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना और फांसी से हुई मौत, हादसों के नाम रहा मंगलवार का दिन

अलग-अलग हादसों में सात लोगों ने गंवाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शहर में मंगलवार का दिन दुर्घटनाओं के नाम रहा। मंगलवार को कुल सात दुर्घनाएं हुई। जिसमें कुल सात लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया। छिंदवाड़ा जिले के अलग-अलग थाना अंतर्गत अलग-अलग हादसों में सात लोगों ने अपनी जान गवा दी। जिला अस्पताल में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पहली घटना लावाघोघरी थाना अंतर्गत की बताई जा रही है। जहाँ कैलाश पिता सूरज इवनाती उम्र 24 साल निवासी चुकाबोह ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा दी। इसी प्रकार संगीत पिता रामपत कुमरे उम्र 25 साल निवासी गोरेघाट थाना मोहखेड़ भी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं कुंडीपूरा थाना अंतर्गत ललित पिता मानसिंग उइके उम्र 26 साल ने भी एक सड़क हादसे में अपनी जान गवा दी। वहीं कुंडीपुरा थाना अंतर्गत रामभरोस पिता सुरती मर्सकोले उम्र 50 साल निवासी मेढ़कीताल ने अज्ञात कारणों के चलते घर मे ही फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं दूसरी फांसी की घटना लावाघोघरी थाने के ग्राम बाड़ाबोह से सामने आई है। यहां पर 20 वर्षीय पंकज पिता महेश परतेती ने फांसी लगा ली। इसी प्रकार बीते रोज खजरी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग की मधुमक्खियों के हमले में हालत गम्भीर होने से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां लगाकर चले उपचार के बाद आज नोखे पिता विपत धुर्वे ने भी दम तोड़ दिया।

कुएं में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस कर रही जांच

शहर के प्रायवेट बसस्टैंड स्थित बने कुंए में आज दोपहर उस समय सनसनी फैल गई। जब एक युवक का शव कुएं में तैरता हुआ दिखाई दिया। तत्काल कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जहां पुलिस टीम द्वारा युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। जानकारी में कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि आज सुबह सूचना पर पहुँची पुलिस ने 40 से 45 वर्षीय अज्ञात युवक की बॉडी कुएं से निकाली है। मृतक ने लोबर व शर्ट पहनी हुई है। मृतक के जेब से किसी भी प्रकार के कोई डॉक्यूमेंट भी नही मिले हैं जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बॉडी 3 से 4 दिन पुरानी है। जबकि शरीर मे किसी भी प्रकार के चोट के निशान भी नही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

16 वाहनों से लिया गया 48600 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों मुख्यतः यात्री वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 16 वाहनों से 48600 रूपये का जुर्माना लिया गया। चैकिंग के इसी क्रम में यात्री वाहन क्रमांक एमपी 28 जेडडी 7710 को उमरानाला के पास नागपुर रोड पर बिना परमिट के संचालित पाये जाने पर जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

रामशांति की भव्या और सेंट्रल स्कूल की सौंदर्या प्रथम

पांढुर्ना। आज आए सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में रामशांति विद्या मंदिर में कक्षा 12 की छात्रा भव्या मदान ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पाया।

दूसरी तरफ कक्षा 10 में सेंट्रल स्कूल की छात्रा सौंदर्या देशभ्रतार 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रही। इसी प्रकार 12 वीं में रामशांती विद्या मंदिर की छात्रा निधि कोरडे 87.2 प्रतिशत अंक के साथ नगर में द्वितीय स्थान पर है और सेंट्रल स्कूल की छात्रा समीरा बागडे 86.40 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर है। कक्षा 10 में लिटिल फ्लॉवर स्कूल की छात्रा प्रियांशी क्षिरसागर 94.40 प्रतिशत अंक लेकर पांढुर्ना में दूसरे स्थान पर और इसी स्कूल की छात्रा गीतांजली बालपांडे 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर है।

सीबीएसई परीक्षाओं के परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा ने पुनः इतिहास रचा

बारहवीं में करण, दसवीं में अनुराग ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कल घोषित कक्षा दसवीं और बारहवीं की सीबीएसई परीक्षाओं के परिणामों में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में पुनः इतिहास रचते हुए कीर्तिमान बनाया ।

केंद्रीय विद्यालय के विज्ञान, कॉमर्स और मानविकी संकाय के कुल 108 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.37 रहा। वही कक्षा दसवीं के 175 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर 98.29 प्रतिशत के साथ एक नया कीर्तिमान रचा। कक्षा 12वीं में विज्ञान विषय में करण वर्मा 95.02% के साथ प्रथम स्थान पर रहे, वही कॉमर्स में अमित कुमार श्रीवास्तव 91.4% के साथ प्रथम स्थान पर रहे जबकि आर्ट में हर्षिता बिनझाड़े 87.6% के साथ प्रथम स्थान पर रहीं ।

कक्षा दसवीं में अनुराग पवार ने 96.01% अनुज पहाड़ें ने 94.4% एवं वंश मालवीय में 93.6% अंक हासिल कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । विज्ञान संकाय में द्वितीय स्थान पर कौशिकी मिश्रा 94.4% के साथ एवं विवेक तृतीय स्थान पर 92.5% के साथ रहे । श्याम सोलंकी 89.8% के साथ कॉमर्स में द्वितीय स्थान पर जबकि आयशा परवेज 86.2% के साथ तृतीय स्थान पर रहे । आर्ट संकाय में 84.2% के साथ नैना सोलंकी द्वितीय एवं 81.2% के साथ देवयानी सरेआम तृतीय स्थान पर रहे । विद्यालय प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर ने सभी अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी । साथ ही उन्होंने कहा की यह परिणाम विद्यालय के शिक्षकों के अथक परिश्रम और लगन का परिणाम है । उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम लाने पर विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा शहर डीपीएस स्कूल, विद्या भूमि स्कूल, भगवान श्रीचंद, महर्षि विद्या मंदिर, फर्स्ट स्टेप स्कूल के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया और अपने स्कूल का और अपने परिजनों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता प्राप्त स्कूल के स्टाफ से उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

नेत्र शिविर का 450 लोगों ने उठाया लाभ

परासिया / चांदामेटा। चांदामेटा सामुदायिक भवन में बज्मे नूरी कमेटी के द्वारा आई कैंप शिविर का आयोजन किया गया । जिसका लाभ 450 लोगों को मिला । कमेटी के द्वारा हर साल शिविर लगाया जाता रहा है ।इस शिविर में देवजी नेत्रालय जबलपुर के डॉक्टर ने अपनी सेवा प्रदान की । जिसमें 450 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया । इस शिविर में सर्वप्रथम नगर परिषद के अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया और उपाध्यक्ष अमजद खान ने अपनी आंखों चेकअप कराया । जांच में उपाध्यक्ष अमजद खान आंखों में मोतियाबिंद पाया गया । जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया । इनके अलावा थाना प्रभारी अरूण मर्सकोले और उप निरीक्षक श्री तिवारी ने भी अपनी आंखों की जांच कराई , जिन्हें चश्मे दिए गए । बज्मे नूरी कमेटी के वाहिद खान ने बताया , कि शिविर में 70 मरीजों को चश्में दिए गए । मोतिया बिंद से ग्रसित 45 मरीजों को आपरेशन कराने के लिए जबलपुर रेफर किया गया । शेष मरीजों को आवश्यक सलाह और दवाईयां दी गई । इस शिविर में संस्था के प्रमुख हाफिज महमूद रजा , संस्था के सदर शाहिद कुरैशी , सरपरस्त शाहिद खान , अकरम खान , मेंबर मोइन रजा , तौसीफ सिद्दीकी , मोहसिन रजा , रेहान खान , फैजान रजा , कैफ़ खान , नजीर खान ने सहयोग दिया ।

निर्माण की गुणवत्ता से ग्रामीणों में आक्रोश

परासिया। ग्राम पंचायत पगारा के अंतर्गत ग्राम मैनावाड़ी में जारी निर्माण कार्य की गुणवत्ता से यहां ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है । यहां सड़क का निर्माण हो रहा है , जिसमें उपयोग होने वाला मटेरियल घटिया है , वहीं निर्माण कार्य उचित मापदंडों के अनुसार नहीं हो रहा है ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत पगारा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मैनावाड़ी में मुख्य मार्ग से शमसान / काब्रिस्तान तक 100 मीटर सी सी रोड राशि 2.61 लाख 45 हजार रोजगार गारंटी स्कीम के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिसमें घटिया किस्म का मटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है । जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया है । ग्रामीण शकील अंसारी , मुकेश कुमरे , रामकृष्ण साइ शेख इस्माईल , माधव साहू , सावन कुमरे , पवन धुर्वे , जितेन्द्र कहार , पंच बबीता कुमरे , उर्मिला कुमरे , वीरेन्द्र उईके और राजेश कहार ने बताया , कि इस कार्य की ग्राम पंचायत एजेंसी है , लेकिन कार्य ठेके पर देकर कराया ज रहा है । सड़क का बेस ठीक से नहीं बनाया गया है । केवल मिट्टी बिछाकर उस पर कांक्रीट डाला गया है । कापू रेत का उपयोग किया जा रहा है ।

10वीं, 12वीं के रिजल्ट में हमेशा की तरह फिर आगे हुआ विद्याभूमि

माधवी सूर्यवंशी ने 97.02 और शुभ सूर्यवंशी ने 97 प्रतिशत अंक लाकर किया गौरान्वित

छिंदवाड़ा। सीबीएसई द्वारा क्लास 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्या भूमि पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट से अग्रणी रहने का सिलसिला बनाए रखा एवं स्कूल की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने का इतिहास रचा है।क्लास 10 में विद्यालय की छात्रा माधवी सूर्यवंशी 97.2% शुभ सूर्यवंशी 97.0 एवं सपन भारती ने 97 % हासिल किए। साथ ही सिद्धि मिश्रा, रोहिन घागरे, रितिका मालवीय, शशांक शुक्ला, गार्गी पवार ने 96 %, लतिका उपाध्याय, आयुषी सोलंकी ने 96%. आशुतोष साहू संस्कार पाडेकर, इशिता तुपकर, आस्था राजपूत, जेहरा बक्शी, मौसमी सूर्यवंशी ने 94%, साहित्य वाघमारे, शुभ वानखेडे, श्रेष्ठा रोहे, लक्ष्मी पटले, आर्या मालवी, खुशी राय, तन्पी चौधरी, हसी विश्वकर्मा ने 93 %. हर्पित साहू आस्था माहोरे, शिव्यांश राय मयंक माहोरे, हर्ष सूर्यवंशी, भवानी प्रताप सिंह ने 92%. इशिका पाठे, लबीब सारा, सृष्ठि पाठे ने 91% नैतिक तुरकर, रिद्धिमा बंदेवार, नुपूर विश्वकर्मा, शौर्य शर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा ने 90%, प्रतिशत के साथ सभी ने सफलता हासिल की। 38 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कम्प्यूटर एप्लिकेशन में सपन भरती.. गार्गी पवार एवं आस्था राजपूत ने एवं सोशल साइस में शुभ सूर्यवशी ने 100 में 100 अंक अर्जित किए।क्लास 12 में विद्यालय की छात्रा सारा राजपूत ने 96 हमजा खान एवं तेजस्विनी शेरके ने 95% एवं रिशिका सिंह राजपूत ने 82.4% हासिल किए। सारा राजपूत ने बिजनेस स्टडी में 100 में से 90 अंक हासिल किए। स्कूल के 11 छात्र छात्राओं संस्कृति दुबे ने 92%, राघव चांडक ने 92.00 %, वैभव सूर्यवंशी ने 91.4%, तरंग सूर्यवंशी ने 91.0% आर्जव जैन, संजिता नंदा ने 90.2%, एवं आदित्यराम बघेल ने 90%से अधिक अंक प्राप्त कर साइस एवं कामर्स एव आर्टस सभी सकायो में शानदार प्रदर्शन किया। विदित हो कि सदैव की भाँति एक बार पुनः विद्या भूमि के विद्यार्थियों ने सार्वाधिक अंक अर्जित करने का कीर्तिमान तो स्थापित किया ही है. साथ ही साथ अनेकानेक विद्यार्थियों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करके सफलता के शिखर पर विद्या भूमि के होने का प्रमाण भी प्रस्तुत किया है।सभी विषयों में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने अधिकाधिक संख्या में डिविटेशन अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवारजनों को विद्यालय को गौरवान्वित किया है।स्कूल के छात्रों के इस शानदार रिजल्ट पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शेषराव यादव, एडमिनिस्ट्रेटर महोदया डॉ. श्रीमती विजया यादव, प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं सपूर्ण विद्यालय परिवार ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ प्रेषित की है।

नगर निगम चला रहा गंगा संवर्धन अभियान

शहर सहित विभिन्न विकासखंडों में की जा रही सफाई, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक गंगा संवर्धन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में निकाय द्वारा नगर के सभी नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों को सफाई, संरक्षण एवं पुनर्जीवित हेतु प्रयास किए जा रहे है। इस अभियान के दौरान विगत वर्ष से भारतदेव लंबित एनी कट में एकत्रित कीचड़ को निकालकर इसकी जलभरन क्षमता को 2100 घन मीटर किया गया, जम्होड़ीपंडा केनाल की मशीनों से सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही खेरी भोपाल में 1200 घन मीटर, सिवनी प्राणमोति में 1500 घन मीटर एवं भरता देव 1600 गाद निकाली गई। सिवनी प्राणमोति स्थित तालाब में जिले के सांसद बंटी विवेक साहू एवं महापौर विक्रम अहके ने अपना श्रमदान दिया। इस श्रमदान में जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने भी अपना योगदान दिया। सांसद ने कहा कि जलस्त्रोतो का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपने आस पास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना हमारा नैतिक दायित्व है।वट अधिक पानी की सप्लाई निगम को मिल सके। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता दी। सिवनी प्राणमोति स्थित तालाब में जिले के सांसद बंटी विवेक साहू एवं महापौर विक्रम अहके ने अपना श्रमदान दिया। इस श्रमदान में जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने भी अपना योगदान दिया। सांसद ने कहा कि जलस्त्रोतो का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है।सिवनी प्राणमोति के इस जलस्त्रोत में अधिक मात्रा में गाद एवं मिट्टी जमा होने से जल के भंडारण में कमी हो रही थी, इस श्रमदान से तालाब से श्रम एवं मशीन के द्वारा गाद तथा मिट्टी को निकालकर तालाब का गहरीकरण किया गया। अभियान के दौरान भूमिगत जल स्त्रोतों को बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा शहर में 10 वाटर रिचार्ज शाफ़्ट संरचना का निर्माण किया गया। जिससे इन क्षेत्रों में भूमिगत जल में वृद्धि होना तय है। इसके साथ ही अभियान के दौरान शहर के पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य भी कराया गया जबकि शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय की वाटिका में जिले के सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पौधों का रोपण भी किया गया।

छिन्दवाड़ा के दिव्यांग खिलाड़ी प्रदीप की कप्तानी में भारतीय टीम ने लिखी अंतर्राष्ट्रीय विजयगाथा

अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चमके दिव्यांग प्रदीप, जिले का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा जिले के खेल इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जिले के दो दिव्यांग (मूकबधिर) क्रिकेट खिलाड़ियों प्रदीप पिता श्री गोविन्द प्रसाद डहेरिया, निवासी ग्राम न्यूटन चिखली और ललित पिता श्री त्रिभुवन सिंह, निवासी ग्राम पालाचौरई के प्रतिनिधित्व में भारतीय बधिर टीम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपविजेता रही है।

खास बात यह है कि दुबई (यूएई) में 25 अप्रैल से 2 मई 2025 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय डेफ क्रिकेट लीग 2025 में राष्ट्रीय टीम ने यह विजय जिले के खिलाड़ी प्रदीप डेहरिया की कप्तानी में पाई है। इन खिलाड़ियों ने न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया है, बल्कि अपने प्रदर्शन से दुनिया में देश और जिले का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों के जिले में वापस लौटने पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया और बधाई दी। इस अवसर पर जिले के सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट दिया तथा उनकी मेहनत और उपलब्धियों की भूरि भूरि सराहना की। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में जाने से पूर्व भी कलेक्टर ने इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया था और खेल प्रतियोगिता के लिए शासन द्वारा स्वीकृत 1,52,900 रूपये की सहायता राशि का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया था , जिससे खिलाड़ियों की यात्रा और प्रशिक्षण में सहयोग मिला तथा उनकी यात्रा सुखद रही। इन खिलाड़ियों की सफलता पूरे जिले के लिए गौरव का विषय बन गई है और उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प हो तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रोड़ा नहीं बन सकती। दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बधिर क्रिकेट लीग 2025 में भारतीय बधिर राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने करिश्माई खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है ।प्रतियोगिता का आयोजन 28 अप्रैल से 3 मई 2025 तक किया गया, जिसमें विभिन्न देशों की बधिर क्रिकेट टीमें शामिल हुईं थीं। जिसमें भारतीय टीम में मध्य प्रदेश के मूक-बधिर खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा और जुझारूपन का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश बधिर क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से टीम में कप्तान छिंदवाड़ा के प्रदीप डेहरिया व ललित सिंह के अलावा रोहित चतुर्वेदी, अजय सैनी और जयदीप सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल थे।

कंपनियों से निकल रही गंदी बदबू केमिकल युक्त पानी, ठंड़े बस्ते में पड़ा हुआ सेज का निर्माण

मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे औद्योगिक क्षेत्र के हजारों ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद में कंपनियों से निकलने वाली गंदी बदबू, केमिकल युक्त पानी के कारण ग्रामीनो परेशान कर रहा है,साथ ही खदानों से लेकर औद्योगिक केंद्र के माध्यम से करोड़ों राजस्व देने वाला प्रदेश सीमा से लगा औद्योगिक क्षेत्र आज भी अपने मुलभूत विकास के लिए तरह रहा हैं। मध्य प्रदेश में निवास और कार्य करने के बावजूद हर दिन औद्योगिक क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए महाराष्ट्र के सावनेर नागपुर जाना पड़ रहा है,मूलभूत समस्याओं से त्रस्त होकर चुनाव आदि के समय उठने वाली मांगे आश्वासन और खानापूर्ति में सीमटकर रह जाती हैं। सौंसर ब्लाक के प्रदेश सीमा से लगे लगभग 7 पंचायतों के गांवों के क्षेत्र में डोलामाईट, मैग्नीज, रेत की खदानों के अलावा औद्योगिक केंद्र कंपनियां बड़े पैमाने पर स्थापित हैं। इनके माध्यम से प्रदेश शासन सरकार ही नहीं तो केंद्र सरकार को हर साल करोडो का राजस्व मिल रहा हैं। बावजूद इसके ग्रामीणो को विकास के लिए आज भी तरसना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत मालेगावं, सावंगा, सातनुर, पारड़सिंगा, खैरीतायगांव, तीनखेड़ा, एलकापार, बोरगांव,कबर पिपला,लोधिखेड़ा के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव जुडें हैं। बीते ढाई दशक में क्षेत्र विकास की विविध मांगो को लेकर आंदोलन ज्ञापन दिये गए पर कार्रवाई शून्य है।

औद्योगिक क्षेत्र और यहां पर संचालित इकाइयों में 10000 से अधिक कामगार हर दिन काम करते हैं, बावजूद इसके स्वास्थ्य सुविधाओं नीम हकीम डाक्टरों के भरोसे पर है, इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग पूर्व में कई बार सत्ता पक्ष विपक्ष जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की जा चुकी है, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले प्राथमिक केदो में पर्याप्त मात्रा में डॉक्टर एवं स्टॉप नहीं होने से जरा सी बीमारी के लिए मरीजों को सीधे सावनेर नागपुर की ओर दौड़ लगानी पड़ती है, औद्योगिक क्षेत्र के कंपनियों में आए दिन कर्मचारियों के साथ में छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं,औद्योगिक क्षेत्र ओर सौसर एमडी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं होने के चल से हाथ से में घायल मरीजों को सीधे नागपुर सावनेर की ओर रेफर करना पड़ता है,अन्य गांवों में स्वास्थ्य विभाग का अमला सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज करने तक सीमट कर रह जाता हैं। यहीं कारण हैं कि प्रदेश के ग्रामीणों को महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांवों में जाकर ईलाज करना पड़ता है। इस क्षेत्र के ज्यादातर ग्रामीण महाराष्ट्र सावनेर तहसील के सरकारी अस्पताल में जाकर ईलाज करते हैं।

गंदगी, बदबू, केमिकलयुक्त पानी से परेशान ग्रामीण

औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनियों से करोड़ों रुपए का एक और जहां राजस्व को लाभ हो रहा है वहीं दूसरी और इन कंपनियों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल, गंदगी, बदबू एवं केमिकल युक्त पानी से हर दिन हजारों ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है,कंपनियों से निकलने वाले गंदे पदार्थ एवं केमिकल युक्त पानी का दुष्परिणाम इस क्षेत्र के जानवरों के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है, कंपनियों के माध्यम से हर वर्ष करोड़ों रुपए की आई कमाने वाले कंपनी प्रबंधन कंपनियों से आने वाली बदबू गंदगी और केमिकल युक्त पानी को लेकर सालों गुजर जाने के बावजूद भी कोई व्यवस्था बनाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कांग्रेस नेता राउत ने किया कांग्रेस को किया बाय बाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

असंगठित कामगार प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के विभिन्न पदों पर आसिन रह चूके कैलाश राऊत ने मंगलवार को कांग्रेस को अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है,भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने भगवा गमछा पहनाकर कैलाश राऊत को सदस्यता दिलाई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा में प्रवेष की बधाई दी। कांग्रेस छोड भाजपा का दामन थामनेवाले कैलाष राऊत का कहना है कि, मैने वर्षो से कांग्रेस की ईमानादारी और निष्ठा से सेवा की किंतु वर्तमान समय में कांग्रेस संगठन द्वारा मुझे अनदेखा किया जा रहा था। श्री राऊत ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पर आरोप लगाते हुये कहा कि, विगत कुछ माह से मुझे कांग्रेस संगठन द्वारा अनदेखा किया जा रहा था, पार्टी की बैठको की सूचना अथवा आयोजन में आंमत्रित नही किया जा रहा था। कांग्रेस संगठन के नेताओं की कार्यप्रणाली के कारण आनेवाले समय में कई ईमानदार कार्यकर्ता अदविदा कहेंगे। मै भाजपा में रहकर सौपे गये दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा।

बुद्ध जयंती कार्यक्रम में उमड़े बौद्ध अंबेडकर अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित बुद्ध जयंती समारोह का समापन भोजन,पुरस्कार वितरण के साथ में किया गया, बुद्ध विहार सौसर में धम्म सेवक दामोदर सहारे के द्वारा बुद्ध विहार में त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना के साथ-साथ परित्राण पाठ किया, साथ ही बुद्ध अनुयायियों को त्रिगुणी पूर्णिमा के संबंध में जानकारी दी,प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार एस.आर.शेंडे मुरलीधर कामले,भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर डी.के बागड़े,थे,कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय. एल. ठवरे ने की, आयोजन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बुद्ध और उसका धम्म, महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन, के साथ ही तथागत भगवान गौतम बुद्ध के द्वारा किये कार्य मार्गदर्शन विचारों पर बोलते हुए बुद्ध के आर्य अष्टांगिक और पंचशील मार्ग का पालन करने की अपील करते हुए,अपने बच्चों को बहुजन नायकों की जीवन गाथा से अवगत कराया,इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर वरिष्ठ जनों का शॉल स्मृति चिन्ह से सत्कार अंबेडकर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पंकज शेंडे, सुनील बागड़े,उज्ज्वल अवसरमोल,सागर वाहने,रितिक दुफारे, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल अध्यक्ष पमिता बागड़े,नितल हनवते,कंचन गजभिये,करुणा हनवते,आदि के द्वारा किया गया, आयोजन में डॉ बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार ओर भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से बौद्ध अनुयाई ने पहुंचकर आयोजन को सफल बनाया।

बुद्ध जयंती पर बोरगाव में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत बोरगाव में बौध्द अनुयायियों के द्वारा त्रिगुणी पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बुद्ध पौर्णिमा पर वार्ड नं,1 मे पंचशिल ध्वज तथागत गौतम बुद्ध,महामानव डॉ, बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन किया। सामुहिक त्रिशरण पंचशिल लेकर शांति मार्च रैली से नगर भ्रमण कर ग्राम पंचायत सभामच स्थल पर कर रैली का समापन किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप प्रकाश सोमकुवर,रत्नमाला पिसे,ग्राम पंचायत सरपंच पंकज दातारकर, उपसरपंच घनश्याम कालबांडे, प्रदीप कालबांडे,सावित्रीबाई फुले महिला समुह की अध्यक्ष प्रमिला कडबे, शिवानी मड़के, कमलाबाई मड़के, राहुल बन्सोडभगवान मडके,राहुल बंसोड़ मचांसिन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला संगठन ने सामुहिक त्रिशरण पंचशिल के साथ किया,बुद्ध जयंती समारोह में वक्ताओं ने ने कहा कि दुनिया में बुद्ध के विचारों की सख़्त ज़रूरत की बात कही, कार्यक्रम में बुध्द जयन्ती पर मनिषा डोंगरे, वैशाली बन्सोड, प्रमिला कडबे, अश्विनी डाहट, आदि ने गीतों की प्रस्तुतिया दि, कार्यक्रम का संचालन अशोक बौद्ध ने किया।

श्री सिद्ध हनुमंत धाम मंदिर चुकाढाना में अखंड श्री राम नाम कीर्तन का आयोजन

दमुआ। दमुआ से होकर महादेव जाने वाले मार्ग भाखरा रोड के किनारे चुकाढाना के प्राचीन श्री सिद्ध हनुमंत धाम मंदिर में वार्षिक महोत्सव के पावन अवसर पर श्री अखंड राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें आयोजित कार्यक्रम दिनांक 14 मई 2025 दिन बुधवार सुबह 10:00 बजे से श्री अखंड राम नाम संकीर्तन प्रारंभ किया जाएगा जो कि दिनांक 15 मई 2025 दिन गुरुवार दोपहर तक चलेगा तत्पश्चात 2:00 से हवन पूजन कार्यक्रम पूर्ण आहुति महा आरती भी होगी और फिर शाम 6:00 बजे से कन्या भोज प्रसाद महाप्रसाद भंडारे का कार्यक्रम भी रखा गया है अतः समस्त भक्त जनो भक्त श्रद्धालुओं धर्म प्रेमियों से धार्मिक कार्यक्रम आयोजन में तन मन धन से सहयोग प्रदान कर आयोजन में सम्मिलित होकर पूर्ण लाभ अर्जित करें।

ग्राम सोनपुरी में मनाई गई तथागत बुद्ध पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज उकवा।

आज पूरे देश विदेश में तथागत बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है, ग्राम सोनपुरी में भी आज बौद्धिस्ट समाज सोनपुरी एवं सर्व समाज द्वारा बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई, इसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है आज ही के दिन 563 ईसा पूर्व तथागत गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी नेपाल में हुआ था. और आज के दिन ही गौतम बुद्ध ने कई सालों तक तपस्या, ध्यान और अंततः बोधगया (बिहार) में निरंजन नदी के तट पर एक पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई तथाआज के ही दिन 483 ईसा पूर्व कुशीनगर में उनका देहांत हुआ, जिसे महापरिनिर्वाण कहा जाता है इस आयोजन में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि सर्व समाजसेवी तपन राजा चौधरी (दलदला), राजेश राहंगडाले, संदीप गजभिये रितिक कामड़े,अमन गौतम, हिमांशु मेश्राम, विनय वैद्य, अजय खोबरागड़े, प्रदीप धनकड़े एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

डीएसपी गगन हनवत के सम्मान में सफलता समारोह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। बालाघाट जिले की संस्कारधानी वारासिवनी के सपूत गगन हनवत के मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उप पुलिस अधीक्षक पद पर चयन उपरांत मध्यप्रदेश के धार जिले में नियुक्ति उपरांत सम्मान में आयोजित सफलता समारोह गृह नगर में स्थित अभिनंदन लॉन के सभागार में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक राजेश खोसला के मुख्य आतिथ्य एवं नगर, जिले व प्रदेश के प्रबुद्ध जनों की गरिमामय उपस्थिति में विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ आरम्भ हुआ। तत्पश्चात नगर के प्रसिद्ध म्यूजिकल ग्रुप श्वेता श्याम शर्मा के द्वारा ऐ मालिक तेरे बन्दे हम, गीत की मधुर ध्वनि के साथ शुरुआत हुई।

गगन के सम्मान में सर्व श्री राजेश खोसला, विधायक विवेक विक्की पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी वारासिवनी, भोपाल से पधारे जी एस टी कमिश्नर योगेंद्र टेम्भरे, महिला बाल विकास अधिकारी पुष्पेंद्र रानाडे, तहसीलदार वारासिवनी इमरान मंसूरी, साहित्यकार प्रणय श्रीवास्तव, डॉ जयश्री अरोरा, नीरज अरोरा, अधिवक्ता एस मुकुंदराव, जनअभियान परिषद से सुरेन्द्र भगत, छत्तीसगढ़ रायपुर से पधारे सहायक संचालक बी एस राणा, व्यवसायी नरेन्द्र राणा, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के जी बिसेन, जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन, भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष छगन हनवत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक श्रीरंग देवरस, कृषि विभाग जिला अध्यक्ष दिलेश खंडेलकर, सी एम राइस विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले, सहायक प्राध्यापक एन के डोंगरे, अभिनंदन लान के संचालक अजीत जैन, आयडियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य हरिओम दुबे, जनपद सदस्य कृष्णा हनवत, मेडिकल व्यवसायी हलेश हनवत, डॉ. पी सी बिसेन, निर्दोष मॉडल, सी एम राइज विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता लखन रिनायत, कमल टेंभरे सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने अपने विचार रखे व शुभकामनाएं दी।

अंश वर्मा का पूर्व केबिनेट मंत्री जायसवाल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। नगर के पत्रकार राजकुमार गुड्डा वर्मा सुपुत्र व वरिष्ठ पत्रकार आनंद वर्मा के भतीजे अंश वर्मा का आज मध्यप्रदेश शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अपने निवास स्थान पर उपहार भेंट कर सम्मान किया। विदित हो कि गांधी विद्या मंदिर के होनहार छात्र अंश राजकुमार वर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल कर नगर, परिवार व शाला को गौरवांवित किया है। इस दौरान श्री जायसवाल से चर्चा करते हुए छात्र अंश वर्मा ने बताया कि उन्हें सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल हुई है और गणित विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है। जिस पर श्री जायसवाल सहित वहॉ पर उपस्थित विनय सुराना, शिक्षक बालू जैवार, पार्षदगण मोनू लिमजे व धुर्वे, अमित येरपुडे, शैलेन्द्र तिवारी, सुभाष पारधी के साथ ही अंश के पिता राजकुमार गुड्डा वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने अंश को आर्शीवाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

आईटीआई बालाघाट में सत्र 2025 के लिए प्रवेश हुए प्रारंभ

बालाघाट। सत्र 2025 के लिए जिले की आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्राचार्य आरएन सिंह ने बताया है कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रो से प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp.gov.in मे जाकर आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी (जो कि स्वयं की एवं आधार/समग्र/बैंक अकाउंट से केवाईसी सहित) होना चाहिए। इसके अतिरिक्त समस्त व्यवसायर्यों के लिए दसवीं की उत्तीर्ण अंक सूची होना चाहिए।

कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर लांजी एसडीएम ने एक पटवारी को किया निलंबित और दूसरे पटवारी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज लांजी। धर्मानगरी लांजी में 12 मई को प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव का आगमन हुआ जिसकी तैयारी को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां करके अपनी भूमिका निभाई और समस्त विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को चिन्हित स्थलों पर उनकी तैनाती की गई। इस प्रकार हेलीपैड स्थल पर भी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के आदेश पर ड्यूटी लगाई गई थी।जिस पर नायब तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संजय बारस्कर को प्रतिवेदन किया गया था। जिसमें पाया गया कि पटवारी शुभम बिसेन जो की मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व उक्त स्थल पर मौजूद थे किंतु आगमन के दौरान पटवारी शुभम बिसेन द्वारा बिना किसी अपने उच्च अधिकारी को सूचना दिए उक्त कार्यक्रम स्थल हेलीपैड ग्राउंड से अनुपस्थित पाए जाने पर पटवारी शुभम बिसेन को मोबाइल से संपर्क किया गया पटवारी शुभम बिसेन को कर्तव्य स्थल हेलीपैड पर बुलाने के बावजूद भी अपने कार्यस्थल पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्थान होने तक भी उपस्थित नहीं हुआ।जिस पर उनके वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन किया जाना पाया गया जो कि उनके कर्तव्य कोई विपरीत है। इस लापरवाही का दोषी मानते हुए मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 1965 के नियम 03 (सामान्य)में दिए गए प्रावधानों के तहत लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार के द्वारा हल्का पटवारी उमरी शुभम बिसेन राजस्व निरीक्षक मंडल भानेगांव लांजी को तत्काल निलंबित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्य स्थल से अनुपस्थित रहने के संबंध में लांजी एसडीएम ने थमाया कारण बताओं नोटिस: लांजी में 12 मई को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हुई तैयारी में कर्मचारियों के लापरवाही देखी गई मुख्यमंत्री आगमन के कार्यक्रम स्थल हेलीपैड में राजस्व विभाग के द्वारा अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें पाया गया कि पटवारी अभिषेक तिवारी मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व उक्त स्थल पर उपस्थित थे किंतु आगमन के दौरान अभिषेक तिवारी पटवारी कार्यक्रम स्थल से अपने वरिष्ठ अधिकारी को बिना सूचना दिए बगैर कार्यक्रम स्थल हेलीपैड ग्राउंड से अनुपस्थित पाए गए जिस पर नायब तहसीलदार संजय भास्कर के द्वारा अभिषेक तिवारी पटवारी से मोबाइल पर संपर्क किया गया जिस पर पटवारी को कर्तव्य स्थल पर बुलाने से विलंब से उपस्थित होना पाया गया।जिस पर लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार के द्वारा सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 1965 के नियमों के तहत कारण बताओं नोटिस जारी कर पटवारी अभिषेक तिवारी से 3 दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब मांगा गया है।

इनका कहना है

मुख्यमंत्री महोदय के आगमन हेतु हेलीपैड स्थल पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी बालाघाट के आदेशों पर कर्तव्य हेतु नायब तहसीलदार संजय बारस्कर जी की ड्यूटी लगाई गई थी जिनके सहयोग हेतु दो पटवारी अभिषेक तिवारी एवं शुभम बिसेन की ड्यूटी लगाई गई थी। जिन्हें यह आदेश था कि मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर रवाना होते तक अपने कार्यपालन मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी पर उपस्थित होना था परंतु होते स्थल पर दोनों ही पटवारी ड्यूटी पर नहीं थे। जिन्हें नायब तहसीलदार संजय भास्कर के द्वारा मोबाइल पर संपर्क किया गया था जिस पर अभिषेक तिवारी फोन करने के बाद मौके स्थल पर पहुंच परंतु शुभम बिसेन फोन करने के बावजूद भी मुख्यमंत्री जी के हेलीकॉप्टर उड़ान भरने तक भी नहीं पहुंच पाया जिस पर मेरे द्वारा शुभम विषय पर निलंबन की कार्यवाही की गई और दूसरे पटवारी अभिषेक तिवारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

कमलचंद सिंहसार, एसडीएम, लाँजी

विधायक विवेक पटेल रविवार को करेंगे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

वारासिवनी। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा सत्र 2024-2025 की कक्षा 10 वीं एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल अंक पाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का 18 मई दिन रविवार को दीनदयाल चौक स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाजू में जनसंपर्क कार्यालय में विधायक विवेक पटेल द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस विषय में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि सुदेश गुड्डू सोनी ने बताया कि वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों के करीब 500 से अधिक विद्यार्थियों का सम्मान विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा किया जायेगा। इस समारोह में जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने पालकों, स्कूल और विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं, उनको सम्मानित होने के लिए पालकों सहित आमंत्रित किया जा रहा हैं।

पुलिस एक संदेही से कर रही पूछताछ : हीरापुर में शरारती तत्व ने बुद्ध प्रतिमा को किया खंडित

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरपड़िया के हीरापुर से अज्ञात शरारती तत्व के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा को खंडित करने का मामला प्रकाश में आया है. जिसके बाद कुछ बौद्ध अनुयायियों ने इस मामले पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस एक संदेही से पूछताछ कर रही है. प्रतिमा खंडित करने की यह पूरी घटना सोमवार से मंगलवार की दरमियानी रात्रि की है. मंगलवार की सुबह करीब 07 बजे स्थानीय लोगों ने प्रतिमा को खंडित देखा और प्रतिमा स्थापित करने वाले बौद्ध अनुयायियों को जानकारी दी गई. जिसके बाद इस पूरे मामले ने तुल पकड़ लिया. दोपहर में साढ़े 03 बजे तहसीलदार गीता राहंगडाले, नायब तहसीलदार सुश्री श्रुति जैन, थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या घटना स्थल पर पहुंचे. पुलिस ने खंडित प्रतिमा को अपने कब्जे में ले लिया है. वहीं इस पूरे मामले में एक संदेही को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। दरअसल, जिस स्थान पर बौद्ध अनुयायियों ने प्रतिमा स्थापना की तैयारी करते हुए फाउंडेशन तैयार किया है. वह सरकारी भूमि है इस भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार ने पहले ही स्थगन जारी कर रखा है. हालांकि इसके बावजूद बौद्ध अनुयायी वहां पूजा-पाठ कर रहे थे और वहां एक बुद्ध प्रतिमा भी रख दी गई थी. बुद्ध पूर्णिमा के दिन भी यहां सुबह पूजा-पाठ जैसा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ. मगर, मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने देखा कि बुद्ध प्रतिमा को किसी अज्ञात के द्वारा खंडित कर दिया गया है. जिसके बाद बौद्ध अनुयायियों ने इस पर आपत्ति जताई और थाने में शिकायत की. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे मामले में संज्ञान लिया थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने खंडित प्रतिमा को सुरक्षित कब्जे में लिया है।

खबर संक्षेप

सीबीएसई 12वीं परीक्षा में अनुजय जैन का सुयश

केवलारी। केवलारी नगर की सेंट नॉर्बेर्ट इंगलिश मीडियम स्कूल के छात्र अनुजय जैन,पिता आनंद जैन ,माता प्रीति जैन ने सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं क्लास में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषय में विशेष योग्यता हासिल की ।छात्र से जब पूछा गया कि आगे चलकर वह क्या करना चाहता है तो उसने सीए बनने की इच्छा जाहिर किया। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शाला परिवार के शिक्षकों को दिया। उसने यह बताया की कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर ईस्ट जनों,मित्रों,एवं केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सदस्यों ने शाला परिवार एवं छात्र अनुजय जैन को उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी बधाई प्रेषित की।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर... पुलिस ने दिखाई तत्परता

छोटे बड़े सभी वाहन चालकों की सघन जाँच के साथ की गई कार्यवाही

केवलारी (हरिभूमि-राकेश आत्मपूज्य)। दिनांक 13 मई 2025 को हरिभूमि अखबार में प्रकाशित खबर सड़क दुर्घटनाओं का केन्द्र बना केवलारी क्षेत्र स्पीडब्रेकर,संकेतक सूचना बोर्ड ना होना सड़क पर बड़े बड़े गड्ढों का होनाप्रमुख कारण समाचार प्रकाशित हुआ था, जिस पर केवलारी अनुविभागीय अधिकारी आशीष भराडे के निर्देशन पर केवलारी थाना प्रभारी टीआई बृजेश उइके ने अपने पूरे दलबल के साथ नगर के स्टेट बैंक के सामने एवं पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास विभिन्न दो पहिया वाहनों, ऑटो रिक्शा,बिना हेलमेट के चलने वाले वाहन चालक, ट्रकों, बसों सभी की चेकिंग और पर्याप्त नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के ऊपर कड़ी सख्त कार्रवाई ,समझाईस के साथ सघन चेकिंग की गयी।और ड्राइवर को बिना नशा

पानी के वाहन चलाने ,सीट बेल्ट बांधने, हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने के लिये प्रेरित किया गया। और साथ ही अपने वाहनों की गति को नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए। इस पूरी कार्यवाही के

अवसर पर थाना केवलारी के स्टाफ में एस आई गौरव धुर्वे, आरक्षक संतोष भलावी, दुर्गेश पटेल, आकाश शरणागत, विजेंद्र दुबे, प्रभात बघेल इस कार्रवाई में शामिल थे। थाना प्रभारी ब्रजेश उइके के द्वारा बताया गया कि लगातार संघन वाहन चेकिंग अभियान को चलाया जायेगा और साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने

जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन, आई. टी. आई. बरघाट में 21 मई को

जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवकों- युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 21 मई 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय आई. टी. आई. बरघाट में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष हो एवं कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई तथा स्नातक तक उत्तीर्ण हों। वह अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर रोजगार मेले में सहभागिता कर सकते हैं। आयोजित मेले में किसी भी प्रकार का कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 107 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम कुण्डा निवासी सुकरतलाल उइके द्वारा बांध में डूबी जमीन से आवेदक को वर्तमान उक्त भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट वार्ड नं. 15 निवासी राज किशोर नांदने द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम ताखला निवासी रेखा बई जंघेला द्वारा अवैध रूप से हुए कब्जा हटाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम खामी निवासी भोजलता टेमभ्रे द्वारा नामांतरण कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत

ग्राम बिनौरी निवासी मिश्री लाल रजक द्वारा खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री कराये जाने विषयक, सिवनी निवासी मोनिका अजीत द्वारा जाति प्रमाण बनाये जाने विषयक, ग्राम लालमाटी छपारा निवासी श्यामकुमार मर्सकोले द्वारा बच्चों के जाति प्रमाण बनाये जाने विषयक, कबीर वार्ड डूंडासिवनी निवासी प्रफुल्ल यादव द्वारा बीमा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम चिखली उगली निवासी जितेन्द्र सिंह राउत द्वारा वाहन दुर्घटना से हुई छतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरीटोला निवासी भारतसिंह कटारिया द्वारा भूमि के नक्शे में सुधार कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम कहानी निवासी रामचरन डेहरिया द्वारा पट्टा निरस्त किये जाने विषयक, ग्राम पायलीखुर्द छपारा निवासी दशरू लाल कुमरे द्वारा अनावेदकगणों के विरूद्ध स्थगन आदेश जारी किये जाने विषयक, ग्राम बम्होडी बरघाटर निवासी भूमेश्वरी गौतम द्वारा खसरा में नाम परिवर्तन कराये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी शीतल भलावी द्वारा नाली का पक्का निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम कर्माझिरी तहसील कुरई निवासी वंशीलाल वट्टी द्वारा शासकीय अभ्यारण निर्माण हेतु ग्राम के रिक्तकर्ता को रिक्तकर्ता सूची में दर्ज किये जाने विषयक, ग्राम पीपरवानी कुरई निवासी रतना बाई द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बाम्हनवाडा थाना बंडोल निवासी श्रीमती रामकली डहेरिया द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम चमरवाही बरघाट निवासी फूलसिंह मर्सकोले द्वारा मुवाअजा राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए

41 दिनों में ही तय लक्ष्य से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृव में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन महाअभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रदेश में जलसंरचनाओं के संरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में नदियों के उदगम स्थलों का दौरा कर रहे हैं। अभियान तीव्र गति से अपने लक्ष्यों को पूर्ण करने की ओर बढ़ रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा था। यह लक्ष्य केवल 41 दिनों में ही हासिल कर लिया गया है। प्रदेश में 1012 अमृत सरोवरों को बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अभियान में कूप रिचार्ज पिट, बावड़ी, खेत-तालाब, अमृत सरोवर, बोरी बंधान, चेकडैम सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, नदियों की जल धाराओं को जीवित के लिए गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन जाने से प्रदेश का भू-जल स्तर बढ़ेगा। इससे जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मियों में कुओं, हैंडपंपों और ट्यूबवेलों का जलस्तर कम नहीं होगा। इसके साथ ही, ग्रामीण आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। सिंचाई के साथ मछली पालन और सिंघाड़े की खेती सहित अन्य गतिविधियों में सरोवरों का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी सहेजना और पुराने जल स्त्रोतों को संवारना है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान में प्रदेश में भू जल स्तर पर सुधार आएगा। कुओं, नलकूपों का जलस्तर बढ़ेगा। इसके साथ ही किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध होगा।

30 जून तक जारी रहेगा अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान तीन माह तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से प्रदेशव्यापी महाअभियान की शुरुआत की गई है, जो 30 जून 2025 तक संचालित किया जाएगा।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज सिवनी। । ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया मातृ दिवस ब्रह्मा कुमारीज के महिला प्रभाव द्वारा आयोजित सुखी एवं स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की भूमिका विषय पर एक बहुत ही प्रेरणादाई और महा परिवर्तनकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत 3 मिनट परम मां (परमात्मा) की याद से एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया, यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, साथ ही ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ,सरिता आंधवान (महाकौशल प्रांत संस्कृत भारती महिला जिला प्रमुख सिवनी योगाचार्य), रितु दहिकर (वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई सिवनी जिला अध्यक्ष) रुक्मणी सनोडीया (किसान मित्र संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष) की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, कार्यक्रम की मुख्य वक्ता गीता दीदी ने कहा आज समाज की स्थिति को देखकर हम कहते हैं ,आज इस संसार के लोगों को क्या हो गया है , इंसान में इंसानियत नहीं बची, आज के बच्चों में दूर-दूर तक श्रेष्ठ संस्कार दिखाई नहीं दे रहे हैं, लेकिन जब हम संसार के लोगों की बिगड़ी हालातो पर चर्चा करते हैं ,या किसी पर दोषारोपण करते हैं तो उन सब की तरफ से यही आवाज आती है ,कि तुम्हारी उंगली पड़कर चला हूं, तुम्हारी ही तो गोद में पला हूं, ये दुनिया मुझे बुरा ना कह, जिस सांचे में तुमने मुझे ढाला है, उसी में तो ढला हूं। और यह सच भी तो है हम सब ही तो समाज का निर्माण कर रहे हैं ,इसमें विशेष भूमिका माताओ की है, आज हम जो कहते हैं वह सब नहीं करते, लेकिन हम जो करते हैं ,वह करते है ।

आंतरिक सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राष्ट्रीय परिस्थितियों और देश के वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिप्रेक्ष्य में जिले में आंतरिक सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सीएल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, सहित होमगार्ड तथा निर्माण विभाग, विद्युत मंडल, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि देश के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए भविष्य में आपातकालीन स्थिति में आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा के सभी इंतजाम करना है। इसके लिए सभी अधिकारी तैयारियों के साथ अलर्ट मोड पर रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करे, क्योंकि इन परिस्थितियों में इसकी अहम भूमिका है। सभी अधिकारियों को सिविल डिफेंस प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गये। आपात स्थिति के लिए नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर वालिंटियर्स की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गये। सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के लिए सेवानिवृत्त फौजी, सीएपीएफ के जवान, पुलिस कर्मचारी, होमगार्ड, एनसीसी के छात्र, सेवानिवृत्त कर्मचारी, अग्निवीर, सुरक्षा ऐजेंसी के सदस्य, वन समिति के सदस्य, विशेष पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि का चयन किया जा सकता है। सिविल डिफेंस वालिंटियर्स 18 वर्ष से अधिक की आयु का होना चाहिए।

इस दौरान डिस्ट्रिक कमाण्डेंट होमगार्ड एवं पुलिस अधिकारियों को कार्यालय में उपलब्ध संसाधन की समीक्षा कर खराब संसाधनों को दुरूस्त करवाने के निर्देश दिये गये। साथ ही आपदा मित्र एवं आपदा में बचाव कार्य करने वाले दलों के सदस्यों को सक्रिय करने के निर्देश भी दिये। इसी तरह अस्पतालों में आपात कालीन स्थिति के अंतर्गत विशेष रूप से व्यवस्था करने कहा गया, जिसमें अस्पतालों में आपातकालीन दवाईयों की समुचित व्यवस्था रखने, बर्न यूनिट में आवश्यक दवाईया एवं उपकरण उपलब्ध रखने, ब्लड बैंक की पर्याप्त व्यवस्था रखने एवं एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रखने के निर्देश दिये गये।

अप्रेल बीत गया पर नहीं आई स्टट वेंडर योजना की राशि, कार्यालय के चक्कर लगा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला महीना अप्रेल बीत गया। फिर भी प्रधानमंत आत्मनिर्भर स्टट वेंडर योजना की राशि अब तक नगर पालिका सिवनी नहीं पहुंची है। पोर्टल पिछले आठ माह से बंद पड़ा है। इससे जरूरतमंद छोटे व्यवसायी ऋण राशि लेने के आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार लोन वितरण का काम भी ठप पड़ा है। केंद्र सरकार ने फरवरी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट में इसका उल्लेख किया था। तब से गजट नोटिफिकेशन नहीं होने से यह स्थिति बनी हुई है। अधिकारी कह रहे हैं कि इस योजना में सरकार ने काफी बदलाव किया है। अब प्राथमिक परिवारों को 10 हजार की बजाय 30 हजार रुपए की राशि मिलेगी। इस वजह से शायद देरी हो रही है। बस, सरकार की अधिसूचना और आदेश का इंतजार है।

कोरोना काल में हुआ था शुभारंभ

इस योजना का शुभारंभ कोरोना संक्रमण काल के समय वर्ष 2021-22 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने छोटे व्यवसायियों को पुनः व्यवसाय स्थापित करने किया था। तब से इस योजना में लोन राशि की किस्त जमा करने पर संबंधित हितग्राही को आगे ज्यादा लोन राशि दी जा रही है। हितग्राही मूलक इस योजना से नगर पालिका समेत पूरे जिले के नगरीय निकायों के अब तक हजारो लोग लाभान्वित हो चुके हैं। लेकिन पिछले आठ माह से इस योजना पर काम बंद पड़ा हुआ है।

बजट में बढ़ाई राशि

केंद्र सरकार की ओर से एक अप्रेल से लागू होने वाले नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस प्रधानमंत स्टट वेंडर योजना का बजट बढ़ाया गया है। लोन की शुरुआती राशि करीब 30 हजार रुपए की गई है।

सेवा समर्पण की राजनीति के गौरव पूर्ण पांच दशक पूर्ण किये डॉ. बिसेन ने

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 73 वां जन्मदिन है। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक मंदिरों के ग्राम आष्टा से लगे एक छोटे से गांव पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. सेवकराम जी बिसेन एवं स्व.श्रीमती सोनाबाई बिसेन के यहां हुआ था। करीब 22 साल की उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। आज उनकी राजनीति को करीब पांच दशक पूर्ण कर लिये । डॉ. बिसेन की चुनावी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1976 में पंच के चुनाव से हुई और इसके 14 वर्ष बाद वर्ष 1990 में बरघाट विधानसभा चुनाव से चुनाव जीतकर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण किया। बरघाट विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये। परिसीमन के कारण बरघाट विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हो गया जिसके कारण पार्टी द्वारा उन्हें वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में केवलारी विधानसभा से टिकिट दी गई किंतु दोनों बार भीतरघात के चलते जीत संभव नहीं हो सकी। पार्टी द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव का उपयोग वर्ष 2019 में सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र की टिकिट देकर किया गया। इस लोकसभा चुनाव में दो लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया। डॉ. बिसेन का राजनैतिक सफर काफी लम्बा है। राजनीति के बारे में आम लोगों की यही धारणा होती है कि यह कोयला की कोठरी की भांति होती है, इससे निकलने वाला कुछ न कुछ कालिख लेकर ही बाहर आता है। वर्तमान में लोगों की यह धारणा सौ प्रतिशत सही है किन्तु अपवाद भी होता है। सुचिता की राजनीति को अपना ध्येय बनाकर चलने के कारण ही इतने लम्बे राजनैतिक जीवन में उमा जी की सरकार से लेकर बाबूलाल जी गौर की सरकार में वन, परिवहन, खनिज सहित विभिन्न विभाग के मंत्री और शिवराज सरकार में म.प्र.वित्त आयोग के अध्यक्ष रहने के बावजूद उन पर भ्रष्टाचार का दाग तो दूर एक छींटा भी नहीं लगा। विधायक और सांसद का भी कार्यकाल बेदाग रहा। वन मंत्री रहते हुए उनके द्वारा बनाई गई हरा पत्ता (तेंदूपत्ता) नीति का परिणाम आज सबके सामने है। इस नीति का अनुसरण बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों ने किया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने कन्या सायकिल योजना और यूनिफार्म योजना बनाई जो आज भी भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। जीवन के हर एक मुकाम पर संघर्षशील एवं संवेदनशीलता का परिचय देने वाले डॉ. बिसेन को विकास पुरुष कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने चार टर्म के विधायक कार्यकाल के दौरान अपनी विधानसभा के लोगों की जरूरतों को जाना और वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और उसके अनुरूप विकास का खांका खींचा। डॉ. बिसेन की दूरर्शिता का ही परिणाम है अक्सर सूखाग्रस्त घोषित रहने वाला समूचा बरघाट ब्लॉक आज धान के अलावा अन्य फसलों का लाभ लेकर फल फल रहा है। कांचना मंडी जलाशय भी डॉ. बिसेन के सोच का नतीजा है जिससे साढ़े तीन हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित करने का लक्ष्य के अलावा बरघाट नगर के लिए जलावर्धन योजना के माध्यम से जल संकट का हमेशा के लिए दूर होना हैं। इसी तरह मात्र पांच वर्ष का जिसमें यदि कोरोना काल के दो वर्ष अलग किये जाये तो मात्र तीन वर्ष के कार्यकाल में बतौर सांसद उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की अधोसंरचना विकास योजनाओं को स्वीकृत कराया। सिवनी एवं बालाघाट के रेलवे स्टेशन का भविष्य में दिखने वाला स्वरूप, सिवनी कटंगी रेल लाईन का सर्वे, नागपुर रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज, बालाघाट में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज सहित अंडर ब्रिज, फोरलेन सड़के सहित अन्य सड़के एवं केंद्र की योजना अंतर्गत स्वीकृत अन्य विकास कार्य उनके विकास पुरूष होने का प्रमाण दे रहे है। आज भले ही डॉ. बिसेन किसी पद पर नहीं है किन्तु राजनीति में सक्रिय तौर से बने हुए है। अपने सांसद के कार्यकाल में उन्होंने अधोसंरचना विकास के सिवनी एवं बालाघाट जिले में जो भी काम स्वीकृत कराये थे उन्हें शुरू कराने एवं जो कार्य बजट के या किसी कारणवश पूरे नहीं हो पाये उन्हें पूरा कराने के लिए सतत प्रयासरत है। डॉ. बिसेन का मानना है कि जिस जनता ने उन्हें अपना स्नेह दिया उन पर विश्वास किया तब उनका भी दायित्व बनता है कि वे जन भावनाओं को शिरोधार्य करें और विश्वास पर खरे उतरे। उनका यह भी मानना है कि विकास के लिए किसी पद की नहीं बल्कि सामथ्र्य और योग्यता की जरूरत होती है।

पासपोर्ट कार्यालय

सिवनी जिलेवासियों को पासपोर्ट बनवाने के लिये भोपाल के चक्कर लगाना पड़ता था समय भी नष्ट होता था और रूपया भी । वर्ष 2019 में सांसद बनने के बाद डां. बिसेन ने सिवनी मुख्यालय मे पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने का प्रयास शुरू कर दिया । नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र मे एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था। यहां डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले मे पासपोर्ट कार्यालय है और भोपाल की भाग-दौड़ से जिलवासियों को मुक्ति मिल गई है।

सेंट्रल स्कूल एवं एफ. एम.

जिले में मात्र दो सिवनी एवं लखनादौन में सेन्ट्रल स्कूल है । जिले की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिती के हिसाब से चार सेन्ट्रल स्कूल होना चाहिये थे । डां. बिसेन ने इस जरूरत को महसूस किया और प्रयास कर बरघाट के ग्राम जैवनारा में सेन्ट्रल स्कूल की स्वीकृति दिला दी थी । यह कार्य प्रक्रियाधीन है । बालाघाट जिले के तिरोड़ी मे एक एक सेन्ट्रल स्कूल भी उन्होंने ही स्वीकृत कराया था । सिवनी मे 100 वॉट का एफ.एम. रेडियो रिले सेन्टर भी प्रारंभ हो चुका है, जिसकी स्वीकृति का श्रेय भी डां. बिसेन को जाता है।

सड़कों का जाल

कोहका से बंडोल 43 किलोमीटर लागत करीब 108 करोड़ कार्य प्रगतिरत । इस टू लेन मार्ग से छिंदवाड़ा से जबलपुर की दूरी जहां कम होगी वहीं फुलारा टोल प्लाजा से भी निजात मिल जायेगी। यही नहीं इस मार्ग मे पडने वाले सभी ग्रामों को भी सीधी आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम भोंगाखेड़ा से छुआई - घोटी - जाम - रामगढ़ से चौरई तक लागत 89 करोड़ की सड़क जिसका काम जारी है । इन बड़ी एवं महत्वपूर्ण सड़को के अलावा कलारबांकी से कान्हीवाड़ा, सोनाडोंगरी से खमरिया सहित अन्य सड़क मार्ग भी हरहरपुर में बैनगंगा नदी, हिरीं नदी पर दो उच्च स्तरीय पुल सहित फोरलेन में तीन फुट ओवर ब्रिज एवं सर्विस रोड, अन्य छोटी दूरी की सड़के सहित अनेक निर्माण कार्य डां. बिसेन के सांसद कार्यकाल का ही नतीजा है । इसके अलावा पूर्व सांसद डां. बिसेन बरघाट नाका रेल्वे क्रासिंग के ओवर ब्रिज सहित सिवनी बालाघाट फोरलेन मार्ग के लिये प्रयासरत है । उल्लेखनीय है कि डां. बिसेन की मांग पर इस मार्ग की तत्कालीन एवं वर्तमान सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वर्ष 2023 में बालाघाट एवं मंडला प्रवास के दौरान घोषणा भी कर दी थी । इसके अलावा प्रधानमंत्री संड़क योजना फेस तीन अंतर्गत सिवनी एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र की अनेक सड़को का चौड़ीकरण भी करवाया ।

फ्लाई ओवर, ओवर ब्रिज -

अपने सांसद कार्यकाल के प्रारंभिक वर्षो में ही डां. बिसेन ने फोरलेन निर्माण मे आने वाली सारी बाधायें दूर की जिसका परिणाम है एशिया का सबसे बड़ा और सुंदर साउंड एंड लाईट प्रूफ फ्लाई ओवर युक्त मार्ग मिला। इसी के साथ सिवनी को खैरीटेक से नगझर तक फोरलेन मार्ग के साथ नागपुर रोड रेल्वे क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज स्वीकृत ही नहीं कराया बल्कि 126 करोड़ रूपये का बजट भी दिलाया, जिसका कार्य प्रारंभ है ।

रेल्वे पर विशेष फोकस

वर्ष 2019 में जब डां. बिसेन सांसद निर्वाचित हुये थे तो उन्होने सबसे पहले अमान परिवर्तन पर फोकस किया था। रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर रेल्वे स्टेशन पर बनने वाले दो कमरे के यात्री भवन की ड्राईंग डिजाईन बदलवाई और मॉर्डन स्टेशन स्वीकृत करवाया था। सिवनी रेल्वे स्टेशन एन एस जी 6 की श्रेणी में आता है । इस श्रेणी में आने वाले रेल्वे स्टेशन केवल दो प्लेटफार्म एवं दो कमरों के कार्यालय और यात्री प्रतिक्षालय वाले होते है । यह डां. बिसेन की काबलियत ही कही जायेगी कि उन्होंने शहरवासियों की सुविधा को देखते हुये शहर की ओर ऐसा सर्वसुविधा युक्त नया भवन स्वीकृत करवाया,जो आज बनकर लगभग तैयार है साथ ही प्लेट फार्म की संख्या दो चार करवाई ताकि सिवनी को और एक्सप्रेस ट्रेने मिल सके। नैनपुर एंड की ओर भी एक फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार है । उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की जो वर्तमान में बिल्डिंग है उसे अमृत भारत योजना में शामिल करवाया जिससे वर्तमान में वहाँ करीब 14 करोड़ की लागत से यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ देने हेतु निर्माण कार्य जारी है । डां. बिसेन की मांग पर सिवनी से तिरोड़ी नई रेल लाईन हेतु सर्वे हो चुका है एवं उस समय यह मामला बजट में शामिल होने की प्रक्रिया के बहुत करीब था ।

रैक पाइंट एवं नया बायपास

सिवनी का व्यापार बढ़े और किसानों को उपज का अन्य शहरों के बाजारों से उचित दाम मिले इसके लिये उन्होने रेक प्वाइंट स्वीकृत कराया। रैक पॉइंट से आज सिवनी के व्यपारियों का व्यापार जहां बढ़ रहा है वहीं जिले के अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है। रसायनिक खाद, सीमेन्ट, लौहा के रैक आने का जहां मार्ग प्रशस्त हुआ है वहीं गिटटी एवं अन्य मटेरियल परिवहन की भी स्वीकृति उन्होंने ही दिलाई थी । रैक पाइंट बनने से नगर को एक नया बाईपास भी मिला है ।

अवैध वसूली से परेशान ट्रैक्टर संघ लांजी ने कलेक्टर के नाम लांजी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रेत रॉयल्टी की अवैध वसूली को लेकर ट्रैक्टरों के थमे चके, ट्रैक्टर मालिकों ने किया स्ट्राइक

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी के ट्रैक्टर संघ द्वारा 13 मई को दोपहर 03 बजे कलेक्टर बालाघाट के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लाँजी को रेत ठेकेदारों द्वारा स्वीकृत एंव अस्वीकृत घाटो से हो रही अवैध वसूली से परेशान होकर ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हम समस्त ट्रैक्टर सञ्चालक पिछले 04 वर्षों से रेत घाटो से रायल्टी लेकर रेत के परिवहन का कार्य करते रहे हैं लेकिन इस वर्ष रेत ठेकेदारो द्वारा नियमो को दरकिनार करते हुए प्रति ट्रेक्टर ट्रॉली 1500/- रूपये की रॉयल्टी काटी जा रही है जो नियम के विरूद्ध है जबकि ठेकेदारो को प्रति ट्रेक्टर ट्राली से 1000/- रूपये की रॉयल्टी काटी जानी चाहिए।साथ ही ठेकेदारों द्वारा एक ही स्वीकृत घाट की रायल्टी काटकर ट्रैक्टर संचालको दी जाती है जो नियमानुसार नही है

जबकि सभी स्वीकृत घाटो की अलग अलग रायल्टी कटनी चाहिए ।उक्त विषय की शिकायत करने पर हमें ठेकेदारो द्वारा डराया धमकाया जाता है कि यदि अधिकारी से शिकायत करोगे तो आपके ट्रैक्टर घाटो पर चलने नही दिए जाएंगे।इन्ही अवैध रायल्टी के कारण अनेक बार हमारे ट्रैक्टर खनिज अधिकारी द्वारा पकड़ लिए जाते हैं और कार्यवाही कर दी जाती है जबकि ये गलती उक्त ठेकेदारो की होती है।ऐसे में ट्रेक्टरों संचालको पर ठेकेदार से लेकर जहां से ट्रैक्टर परिवहन करते हैं उस खेत मालिक को 200 रु प्रति ट्राली जबकि ग्राम विकास के नाम पर ग्राम पंचायत को 100 रु प्रति ट्रैक्टर ट्राली देना पड़ता है इस प्रकार हो रही अवैध वसूली से हम काफी परेशान है।आपको बता दे कि खनिज संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा निकाली गई टेंडर प्रक्रिया में पिछले 04 वर्षों सबसे पहले बाँदा कम्पनी को 03 वर्षो के लिए बालाघाट जिले के समस्त स्वीकृत घाटो का ठेका 84 करोड़ रुपये में मिला था लेकिन बाँदा कम्पनी ने अपने 03 वर्ष पूरे किए बिना ही खनिज संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन को घाटा दिखाकर जिले के समस्त घाटो को सरेंडर करवा दिया उसके बाद पुनः खनिज संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन ने ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया जारी की जिसमे पुनः बाँदा कम्पनी को 03वर्षो के 74 करोड़ रुपये में ठेका मिला लेकिन फिर बाँदा कम्पनी ने घाटा दिखाकर घाट सरेंडर करवा दिए।लेकिन खनिज

संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 में ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया में आगामी 03 वर्षो के लिए टेंडर निकाले जिसमे बालाघाट जिले के समस्त स्वीकृत घाटो का ठेका नेशनल एनर्जी एंव रमेश प्रसाद कम्पनी को मिला है।दिलचस्प बात ये है कि पिछले 04 वर्षों में ठेकेदारो द्वारा खनिज विभाग मध्यप्रदेश शासन को घाटा दिखाकर 03 बार सरेंडर किया गया है।जानकारी में बताया गया है कि लांजी किरनापुर में केवल 05 रेत घाट ही स्वीकृत है जिनमे पानगांव, मुंडेसरा,कड़कना, कोचेवाही, एंव केसा है। जबकि वर्तमान ठेकेदार द्वारा लांजी किरनापुर के करीब 50 अस्वीकृत घाटो से रेत का खनन व परिवहन किया जा रहा है। जिससे मध्यप्रदेश शासन खनिज विभाग को करोड़ो रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

इनका कहना है

इस वर्ष रेत ठेकेदारो द्वारा नियमो को दरकिनार करते हुए प्रति ट्रेक्टर ट्रॉली 1500/- रूपये की रॉयल्टी काटी जा रही है जो नियम के विरूद्ध है जबकि ठेकेदारो को प्रति ट्रेक्टर ट्राली से 1000/- रूपये की रॉयल्टी काटी जानी चाहिए। साथ ही ठेकेदारों द्वारा एक ही स्वीकृत घाट की रायल्टी काटकर ट्रैक्टर संचालको दी जाती है जो नियमानुसार नही है।जबकि सभी स्वीकृत घाटो की अलग अलग रायल्टी कटनी चाहिए ।

पवन कश्यप
अध्यक्ष, ट्रैक्टर संघ लांजी

ठेकेदारों के अवैध वसूली की शिकायत करने पर हमें ठेकेदारो द्वारा डराया धमकाया जाता है कि यदि अधिकारी से शिकायत करोगे तो आपके ट्रैक्टर घाटो पर चलने नही दिए जाएंगे।इन्ही अवैध रायल्टी के कारण अनेक बार हमारे ट्रैक्टर खनिज अधिकारी द्वारा पकड़ लिए जाते हैं और कार्यवाही कर दी जाती है जबकि ये गलती उक्त ठेकेदारो की होती है।ऐसे में ट्रेक्टरों संचालको पर ठेकेदार से लेकर जहां से ट्रैक्टर परिवहन करते हैं उस खेत मालिक को 200 रु प्रति ट्राली जबकि ग्राम विकास के नाम पर ग्राम पंचायत को 100 रु प्रति ट्रैक्टर ट्राली देना पड़ता है इस प्रकार हो रही अवैध वसूली से हम काफी परेशान है।

तारिक खान
उपाध्यक्ष, ट्रैक्टर संघ लांजी

16 रेंज में कार्यरत 25 सुरक्षा श्रमिकों को नौकरी से निकाला

वापस काम पर रखने कलेक्टर से मिले, अधिकारी बोले- भुगतान करने पैसा नहीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लामता वनविकास निगम परियोजना मंडल ने वित्तीय संकट का हवाला देते हुए 16 रेंज में कार्यरत 25 सुरक्षा श्रमिकों को 1 मई से काम से निकाल दिया है। श्रमिकों को बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्रवाई की गई।

निगम के परियोजना अधिकारी डेविड चिनाब ने वित्तीय संकट की स्थिति को स्वीकार किया है। निकाले गए श्रमिक ईमारती पेड़ों के रोपण, अग्निसुरक्षा, वन्यप्राणियों की सुरक्षा और अवैध उत्खनन रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे थे।

श्रमिक बोले- हमें निकाल दिया, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर रेट पर रखा

सुरक्षा श्रमिक टेकचंद भुर्रे ने जनसुनवाई में बताया कि जहां पुराने श्रमिकों को निकाला जा रहा है, वहीं नए श्रमिकों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम में कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर रेट पर रखा गया है। इससे निगम का अतिरिक्त धन व्यय हो रहा है।

अब भरण-पोषण की समस्या

श्रमिक लगातार जनसुनवाई में अपनी समस्या रख रहे हैं। उनके सामने परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा की चिंता है। श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें वापस काम पर नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

अधिकारी बोले- भुगतान का पैसा नहीं आ रहा

लामता परियोजना मंडल अधिकारी डेविड चिनाब ने बताया कि निगम की वित्तीय हालत खराब होने के कारण श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान का पैसा नहीं आ पा रहा है। जैसे ही वित्तीय हालत सुधरेंगे, श्रमिकों को काम पर वापस ले लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वानिकी के अन्य कार्यों में यदि श्रमिक काम करना चाहते हैं तो वह काम कर सकते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नए श्रमिकों को रखने जैसे कोई बात नहीं है, जो कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करेगा, उसे रखा जाएगा।

नगर परिषद ने थाने में की शिकायत : डाकघर के सामने खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर में बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर डाकघर के ठीक सामने भीषण सड़क हादसा हुआ है. घटना स्थल के पास लगे एक सीसीटीवी फुटेज में कैद वीडियो के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात्रि ठीक 1 बजकर 16 मिनट पर यह हादसा हुआ है. हादसा इतना भयावहता का अंजादा इसी बात से लगाया जा सकता है कार की टक्कर से डिवाइडर पर लगा एक विद्युत पोल उखड़ गया. कार भी सामने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई. हादसा किन कारणों की वजह से हुआ इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन हादसे के वक्त कार की रफ्तार बहुत तेज थी. जिस कार ने विद्युत पोल को टक्कर मारी है वह हुंडई कंपनी की कार है जिसका नंबर एमएच 49 बीडब्ल्यू 4113 है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कार नागपुर निवासी नीरज पिता कैलाश पसीने निवासी नागपुर की है. सड़क हादसे के वक्त कार में 04 लोग सवार थे सभी सुरक्षित बच गए. कटंगी थाने में सड़क हादसे की कोई लिखित शिकायत नहीं हुई है. हालांकि सड़क हादसे में नगर परिषद की संपत्ति को नुकसान होने पर नगर परिषद प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश धानेश्वर ने बताया कि थाने में एक लिखित शिकायत की है. कार ने डिवाइडर में चढ़कर नगर परिषद के बिजली के पोल को जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे पोल टूटकर नीचे जमीन पर गिर गया है. मिली जानकारी अनुसार नीरज पसीने उकवा मॉयल में पदस्थ है रात्रि में उनके बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी जिसके लेकर वह तुमसर जा रहे थे. इस दौरान डाकघर के सामने डिवाइडर समझ नहीं आने की वजह से उनकी कार डिवाइडर पर चढ़ गई।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुआ आदि गुरु शंकराचार्य पर व्याख्यान माला कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड किरनापुर द्वारा स्व.दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के सभागार में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर उनके जीवन दर्शन पर व्याख्यान माला कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समनवयक श्रीमती रुचिका बैस के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें नवांकुर संस्था से भागचंद मंडलवार ,दिनेश चोरनोले ,महेश पटले ,मेंटर्स-जगदीश पांचे .अनिल बोपचे ,राजकुमार टांडेकर, कोकिला सोनी, झंकार टेभरे देवेंद्र टेंभरे सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत अध्ययनरत समाज कार्य के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदिगुरु शंकराचार्य एवं गौतम बुद्ध की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं छायाचित्र पर माल्याअर्पण के साथ हुआ .कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा बताया गया कि आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म 508 ईसा पूर्व में केरल में हुआ था वे बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे 8 वर्ष के आयु में ही उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा प्रचार के लिए संन्यास ले लिया 8 वर्ष में उन्हें चारों वेदों का ज्ञान हो गया था एवं 12 वर्ष की आयु में संपूर्ण शास्त्रों का ज्ञान हो गया था उन्होंने अनेक ग्रंथो रचना की रचनाएं की एव चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर मठ परंपरा का शुभारंभ किये, उन्होंने जीवन पर्यंत समाज को जोड़ने का काम किये शंकराचार्य जी भारत के एक महान दार्शनिक धर्म प्रवर्तक एवं योगी थे उन्होंने आदित्य वेदांत को ठोस आधार प्रदान किया।

झालीवाड़ा ग्राम पंचायत में सत्ता परिवर्तन

साधना सोनवाने ने संभाला सरपंच पद, विकास कार्यों की दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पंच श्रीमती साधना सुरेश सोनवाने को स्थानापन्न सरपंच पद का प्रभार दिया गया। श्रीमती सोनवाने ने मंगलवार को सरपंच का विधिवत पदभार ग्रहण कर पंचायत के कार्यों की जिम्मेदारी संभाली।

सरपंच का पद भार ग्रहण समारोह के बाद पंचायत कार्यालय में आयोजित पहली बैठक में गांव के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें वार्ड क्रमांक 5 में सी सी रोड निर्माण, पक्की सीमेंट नाली निर्माण और सम्पूर्ण ग्राम की नाली सफाई जैसे कार्य शामिल हैं। इन प्रस्तावों को तत्परता से लागू करने हेतु सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा.निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर उपसरपंच पंकज डोंगरे, पंचायत सचिव छोटेलाल राणा, रोजगार सहायक उदय ठाकरे एवं समस्त पंचगण हीरालाल भैरम, धनेश्वरी चौधरी, कविता चंदलकर, कल्पना अड़में, सालिकराम सोनी, संजय पटले, हेमंत चौधरी, मंजुलता मेश्राम एवं सुमित राठौर उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकमत से नवचयनित सरपंच को सहयोग देने का संकल्प लिया और पंचायत के कार्यों को पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने की बात कही।

ग्रामवासियों में भी पंचायत के नए नेतृत्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर श्रीमती साधना सोनवाने को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई पंचायत बॉडी उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए गांव के विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेगी।

सरपंच साधना सोनवाने ने सभी पंचों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से गांव के विकास के लिए कार्य करेंगी।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने, स्वच्छता पर जोर देने एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता में रखने की बात कही।

साधना सेवा सत्संग के साथ मनाया गया श्री श्री का जन्मोत्सव, जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण

श्री श्री के जन्मोत्सव पर स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के संस्थापक जिंदगी को नए सिरे से दिखाने वाले गुरुदेव श्री श्री का उद्देश्य ही हिंसा मुक्त और तनाव मुक्त जीवन जीने की कला से लोगों को परिचित कराना है।

दुनिया के लोगों को खुश रहने की तकनीक सीखने वाले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव बालाघाट नगर में आर्ट ऑफ लिविंग सस्ता के द्वारा साधना ,सेवा सत्संग के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार 13 मई को सुबह 6:30 बजे से सामूहिक साधना बालाघाट नगर पालिका परिषद के सभागार में की गई। तत्पश्चात आर्ट ऑफ़ लिविंग के स्वयंसेवको एवं अन्य लोगों द्वारा बड़े ही प्रसन्न मन से रक्तदान किया गया। 26 लोगों ने रक्तदान किया एवं अनेक स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों के लिये रक्तदान करने का संकल्प लिया। रक्तदान के पश्चात आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम के स्वयंसेवको द्वारा ली गई सेवा की जिम्मेदारी अंतर्गत सभी ने मिलकर जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में पहुंचकर प्रसूता महिलाओं एवं बच्चों को ब्रेड, जूस का वितरण कर उनका हाल-चाल जाना। शाम 7:00 से नगर पालिका परिषद के सभागार में बेंगलुरु से आए वरिष्ठ प्रशिक्षक अरविंद बाल पांडे के सानिध्य में गुरु पूजा एवं सुमेरू भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

बुद्ध अर्थात ज्ञान, विज्ञान -डॉ.चरनदास ढेंगरे

दि बुद्धिस्ट सोसायटी वारा किरनापुर द्वारा त्रिगुण पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विश्व को शांती का संदेश देने वाले विश्व के प्रथम वैज्ञानिक महामानव तथागत सम्यक सम्बुद्ध की जयंती जिसे बुद्ध पूर्णिमा त्रिगुण पावन पर्व कहा जाता है। वह जयंती कार्यक्रम दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया वारा, किरनापुर के तत्वावधान में संस्था के बीएसआई के मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष डा. चरनदास ढेंगरे बालाघाट के मुख्यातिथ्य में दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर की अध्यक्षता में एवं आर.के.कठाने प्रदेश सचिव मध्यप्रदेश, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव , एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, बीएसआई के प्रमुख आतिथ्य में तथा विशेष अतिथि के रूप में भजनलाल बिसेन सरपंच वारा, संतोष चौधरी जनपद सदस्य किरनापुर, प्रहलाद सहारे उपाध्यक्ष आदिवासी गोंड-गोवारी समाज, मनोहर छिपेश्वर अध्यक्ष रविदासिया संगठन किरनापुर, देवीलाल देवे अध्यक्ष मरार माली समाज,बी.एल.घल्लेकर जिला संगठक बीएसआई, विनय मेश्राम सर्कल अध्यक्ष भालवा ब, मंजूताई सुर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षिका बीएसआई, गौतम भिमटे उपाध्यक्ष किरनापुर के आतिथ्य में हर्षोउल्लास से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की कडी में प्रातः 9 बजे सामूहिक पूजा वंदना एवं ध्वजारोहण, शाम 5 बजे परित्राण पाठ के बाद शांति केंडल मार्च निकाली गई। तत्पश्चात रात्रि में मंचीय कार्यक्रम आयोजन हुआ। सभी अतिथियों द्वारा तथागत बुद्ध के सिद्धांत एवं महापुरूषों विचार धारा को अपने अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किये। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ चरनदास ढेंगरे ने अपने उदबोधन के माध्यम से बताया कि बुद्ध अर्थात ज्ञान, विज्ञान है, इस बुद्ध पूर्णिमा को त्रिगुण पावन पर्व कहा जाता है। विश्व की यह अनोखी अलौकीक घटना है। तथागत बुद्ध ने संसार में सुख शांती स्थापित करने हेतु पंचशील के सिद्धांत दिये। प्रमुख अतिथि जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे ने सबको बताया कि जीवन सुखमय करना हो तो बुद्ध के पंचशील के अनुसार अपना जीवन जीये। कार्यक्रम का सफल संचालन, किरनापुर के महामंत्री विनय संजय चौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के हंसराज वाहने, रमाई महिला मंडल की वंदना खोब्रागढे, सरोज ताई भिमटे, बिंदु भिमटे, विशाखा चौरे एवं संस्था के अनेक लोगो ने सहयोग किया। उक्त जानकारी किरनापुर तहसील अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर के द्वारा दी गई।

मातम में बदली शादी की खुशियां

विवाह समारोह में घर आ रहे दो भाईयों की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

घर में शादी की खुशी से सजाए गए मंडप में मातम पसर गया, क्योंकि दुल्हन की शादी से ठीक पहले घर पर भाईयों की मौत की खबर आ गई. हंसी-खुशी बहन की डोली उठती लेकिन इससे पहले घर से एक साथ दो जवान भाईयों की अर्थी निकली. दिल-दहला देने वाली यह घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम देवथाना की है. देवथाना के सरपंच गोपीचंद राणा और उनके छोटे भाई धूपसिंह राणा के पुत्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई. सोमवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास अब्दुल्लागंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में अंकित राणा (उम्र 26 वर्ष) और ललीत राणा (उम्र 22 वर्ष)की दर्दनाक मौत हो गई. यह दोनों भाई मोटर साइकिल से सवार होकर भोपाल से अपने गांव देवथाना के लिए निकले थे. रास्ते में सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गई. इस सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद पूरा परिवार सदमे में चले गया. मंगलवार की शाम करीब 06 बजे दोनों भाईयों का शव देवथाना लाया गया और शाम को अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार देवथाना में प्रेमचंद राणा की पुत्री का मंगलवार को विवाह होना था. बड़े पिता की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अंकित और ललीत दोनों भोपाल से आ रहे थे और रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गए. बताया जाता है कि दोनों भोपाल में जॉब करते थे. विवाह समारोह के ठीक एक दिन पहले घर आने के लिए निकले थे. इधर घर में हल्दी, मेहंदी और संगीत जैसी रस्मों के बीच खुशियों का माहौल था. सोमवार की देर रात घरवालों को सड़क हादसे की सूचना मिली और पूरे परिवार में मातम छा गया. जैसे ही गांव में इस सड़क दुर्घटना की जानकारी लगी तो पूरे गांव में मातम छा गया. ग्रामीणों, नाते-रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों ही भाइयों का अंतिम संस्कार किया गया।

आंगनबाड़ी सहायिका को तत्काल पद से पृथक के आदेश जारी

बालाघाट। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका को तत्काल पद से पृथक के आदेश जारी किए गए है। आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती दुपता रंगारे द्वारा लगातार बिना सूचना के आंगनवाड़ी केंद्र से अनुपस्थित रहने और अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करने का कार्य किया जा रहा था। श्रीमती दुपता रंगारे वार्ड क्रमांक 13, केंद्र क्रमांक 78 में आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत थीं। उनके द्वारा सितंबर 2024 से आंगनवाड़ी केंद्र में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया। जिसके बाद परियोजना अधिकारी द्वारा कई बार कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किए गए। किंतु श्रीमती रंगारे द्वारा कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया और न ही आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित हुईं।